बिहार सरकार
बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण
(आपदा प्रबंधन विभाग)
D-ब्लॉक, 5वाँ तल, सरदार पटेल भवन–800023

## अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सोनपुर मेला परिसर में आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं जन जागरूकता से सम्बंधित प्राधिकरण के पंडाल/पैवेलियन में खानपान एवं मेस सेवाएं इत्यादि उपलब्ध कराने के लिये अनुभवी संवेदकों/अभिकर्ताओं से प्रति दिन के आधार पर सोनपुर मेंला, 2023 के लिये एजेंसियों को चयन करने के लिये निविदा आमंत्रित की जाती है इस निविदा की विवरणी एवं शर्तें निम्नवत है–

I. कार्यालय में प्री–बीड मिटिंग की तिथि – 31.10.2023 (अपराह्न 03:00 बजे)
II. कार्यालय में निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि – 01.11.2023 (पूर्वाह्न 11:00 बजे तक)
III. कार्यालय में निविदा खुलने की तिथि – 03.11.2023 (अपराह्न 03:00 बजे)
IV. निर्धारित अन्तिम तिथि के पश्चात निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
V. अग्रधन की राशि ₹20,000/–(बीस हजार रुपये) मात्र बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के नाम से बैंक ड्राफ्ट के रूप में उपलब्ध कराना होगा।
VI. चयनित निविदादाता को बैंक ड्राफ्ट/बैंक गारंटी की राशि ₹50,000/- (पचास हजार रुपये) एकरारनामा के समय जमा करना होगा।
VII. सेवा/सामग्रियों का आपूर्ति आदेश प्राधिकरण कार्यालय द्वारा दिया जायेगा।
VIII. इस संबंध में आवश्यक प्रक्रिया/शर्तों आदि की जानकारी तथा सामग्री/सेवा की सूची, मात्रा/गुणवत्ता का विस्तृत विवरण बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के वेबसाइट www.bsdma.org/tender पर देखा जा सकता है।
IX. निविदा को पूर्णत या अंशत रद्द करने का अधिकार प्राधिकरण के पास सुरक्षित रहेगा।

(मीनेन्द्र कुमार)
सचिव

बिहार सरकार
बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण
(आपदा प्रबंधन विभाग)
D-ब्लॉक, 5वाँ तल, सरदार पटेल भवन–800023

# अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सोनपुर मेला परिसर में आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं जन जागरूकता से सम्बंधित प्राधिकरण के पंडाल/पैवेलियन में खानपान एवं मेस सेवाएं इत्यादि उपलब्ध कराने के लिये अनुभवी संवेदकों/अभिकर्ताओं से प्रति दिन के आधार पर सोनपुर मेला, 2023 के लिये एजेंसियों को चयन करने के लिये निविदा आमंत्रित की जाती है–

## कार्य सेवाओं की आवश्यकता

सेवाओं में निम्नलिखित कार्य शामिल होते हैं: 30 दिनों तक चलने वाली मेला अवधि में सुबह 50 व्यक्ति का नाश्ता, 130 व्यक्ति का दिन का भोजन एवं 50 व्यक्ति का रात का भोजन आदि।

| स्थल | सेवा प्रदाता द्वारा उपलब्ध करायी जाने वाली सेवायें | अनुमानित संख्या | सुरक्षित राशि (EMD) | निविदा वैधता |
|---|---|---|---|---|
| सोनपुर मेला, 2023 | A. नाश्ता और मेस सेवाएं | 50 | Along with the Technical Bid (Envelope-I), the bidder shall have to submit a refundable Earnest Money Deposit (EMD) of **Rs. 20,000/- (Rs. Twenty Thousand Only)** in the form of a Demand Draft drawn from a scheduled Bank/Nationalized Bank in favour of **"Bihar State Disaster Management Authority" payable at Patna and after awarding of tender then Bank Draft/Bank Guarantee of Rs. 50,000/- (Fifty Thousnad Only)** deposit at the time of MoU/agreement. failing which the Bids submitted by the Bidder shall be out-rightly rejected. | सोनपुर मेला अवधि |
| | B. दिन का भोजन और मेस सेवाएं | 130 | | |
| | C. रात का भोजन और मेस सेवाएं | 50 | | |
| | D. VIP अल्पाहार | आवश्यकतानुसार | | |
| | E. चाय | आवश्यकतानुसार | | |
| | F. पानी जार (20लीटर) डिस्पेंसर सहित | आवश्यकतानुसार | | |

सेवा प्रदाता निम्नलिखित सेवा प्रदान करेंगे–

**(A)** **भोजन और मेस सेवाएं**

1. सोनपुर मेला, 2023 के लिये मेनू के आधार पर प्रातःकाल टी, प्रातःकाल नाश्ता, दोपहर का भोजन और रात का खाना उपलब्ध कराना जिसमे टेबल, कुर्सी, वर्तन आदि अन्य आवश्यक सामग्रियों की व्यवस्था संवेदक के द्वारा की ही किया जायेगा। जिसका अलग से कोई भुगतान नहीं किया जायेगा।
2. प्रत्येक दिन उपस्थिति/ फूड कूपन के आधार भुगतान सबंधी कार्रवाई की जायेगी।
3. आवश्यकता होने पर संवेदक को विभिन्न सेवाओं के तहत लागू दरों पर अतिरिक्त भोजन इत्यादि की आपूर्ति करने के लिए आदेश दिया जा सकता है।
4. संवेदक यह सुनिश्चित करेगा कि खाद्य पदार्थ खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 और उसके तहत बनाए गए नियमों का अनुपालन करता है।
5. संवेदक द्वारा भोजन की गुणवत्ता अच्छे स्तर की करनी होगी। मेनू के अनुसार भोजन की तैयारी में उपयोग की जाने वाली अधिकांश सामग्री FSSAI प्रमाणित एवं उच्च गुणवत्ता का होना चाहिए।
6. संवेदक बाजार से प्रतिदिन अच्छी गुणवत्ता वाली ताजी सब्जियां, क्रय करना सुनिश्चित करेंगे।
7. संवेदक द्वारा खरीदी गई सामग्री की स्वच्छता और सुरक्षा की पूरी जिम्मेदारी संवेदक के स्वयं की होगी।

8. भोजन की गुणवत्ता के संबंध में प्राधिकरण के समय–समय पर जारी किए जाने वाले निर्देशों का पालन करेगा।
9. घटिया सामग्री यदि कोई पाई जाती है तो उसे मेस के परिसर से संवेदक अपने जोखिम और लागत पर हटायेगा एवं बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण दण्ड भी आरोपित कर सकेगी।
10. भोजन के लिए आवश्यकतानुसार काउंटर/बुफे लगाकर परोसा जाना है तथा पीने के पानी को निर्धारित क्षेत्र में ही व्यवस्था उपलब्ध करायेंगे।
11. उपयोग की गई प्लेट/ ग्लास आदि को डस्टबिन एवं डिश वॉश क्षेत्र तक ले जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।
12. भोजन का संभावित समय

| | |
|---|---|
| **सुबह का नाश्ता/पानी** | 07:30– 09:00 पूर्वाह्न |
| **दोपहर का भोजन/पानी** | 12:30– 02:00 अपराह्न |
| **रात का भोजन/पानी** | 08:00– 09:00 अपराह्न |
| **VIP अल्पाहार/पानी** | आवश्यकतानुसार |
| **चाय** | आवश्यकतानुसार |
| **पानी जार (20लीटर) डिस्पेंसर सहित** | आवश्यकतानुसार |

13. मेनू के साथ मेस का समय प्रदर्शित एवं इसका अनूपालन सुनिश्चित करना होगा।
14. संवेदक द्वारा प्रत्येक भोजन के बाद डाइनिंग और किचन हॉल में साफ–सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी तथा सप्ताह में एक बार कीटाणुरहित/धूलाई किया जाएगा। बेकार/अपशिष्ट कचरा के निपटारा निगम/मेला प्रबंधक से समन्वय स्थापित कर करना होगा।
15. मेनू

| दिन | सुबह का नाश्ता | दोपहर का भोजन | रात का भोजन | VIP अल्पाहार |
|---|---|---|---|---|
| सोमवार | **पूरी+भांजी**, दही। | चावल, रोटी, भुजिया, पनीर की सब्जी, सलाद, पापड़, अचार, गुलाब जामुन। | चावल, रोटी, दाल, सब्जी, **भुजिया, गाजर का हलवा एवं** अचार । | पनीर कटलेट–01<br>सेंडविच–वेज–01<br>काजुफ्राई–01<br>सुखा मिठाई–01<br>काजू वर्फी–01<br>काला रसगुल्ला–01<br>पेपर नेपकिन–01 |
| मंगलवार | छोले भटूरे, अचार,। | चावल, रोटी, कढ़ी-बड़ी, सब्जी, भूजिया, सलाद, पापड़, अचार रसगुल्ला । | चावल, रोटी, मूँग दाल साबुत, सब्जी, अचार, खीर (चावल)। | |
| बुधवार | सत्तू पराठा, सब्जी, अचार। | चावल, रोटी, मिक्स दाल, सब्जी, भुजिया, सलाद, पापड़, अचार, रसगुल्ला । | चावल, रोटी, दाल अरहर, सब्जी, **भुजिया**, गुलाब जामुन अचार। | |
| गुरुवार | आलू पराठा, दही। | चावल, रोटी, राजमा, सब्जी, भुजिया, पापड़, अचार, चटनी, फ्रुट कीम । | चावल, रोटी, चना दाल, सब्जी, अचार, सुजी का हलवा। | |
| शुक्रवार | पालक/गोभी/मूली पराठा, दही। | जीरा फ्राई चावल, रोटी, दाल मिक्स, सब्जी, भुजिया, सलाद, पापड़, अचार, गुलाब जामुन। | चावल, रोटी, दाल अरहर, सब्जी, **भुजिया**, रसगुल्ला, अचार। | |
| शनिवार | **पूरी +भांजी**, दही। | भेज बिरयानी, भुजिया, सलाद, पापड़, अचार, रायता, दाल, गुलाब जामुन। | चावल, रोटी, दाल मिक्स, सब्जी, रसगुल्ला, अचार। | |
| रविवार | ब्रेड **बटर**, सॉस/ **जैम**, 2 केला। | **चावल रोटी**, भुजिया, सलाद, पुरी, दाल तड़का, गुलाब जामुन। | चावल, रोटी, मूँग साबुत दाल, सब्जी, खीर (चावल), अचार। | |

## नियम एवं शर्तें:-

1. सभी संस्थानों / अभिकर्त्ताओं को वाणिज्य कर / आयकर निबंधित होने से संबंधित प्रमाण पत्र निविदा के साथ संलग्न करना होगा।
2. निविदा में अंकित सभी सेवाएं/ सामग्री (item) का दर एवं जी.एस.टी. उद्धृत करना होगा।
3. वित्तीय वर्ष 2021–22 एवं 2022–23 का आयकर रिटर्न की प्रति संलग्न करना होगा।
4. सेवाएं/ सामग्री अच्छी गुणवत्ता एवं निर्धारित मापदंड की होनी आवश्यक है।

5. सेवा/ सामग्री की गुणवत्ता की जांच समिति द्वारा की जाएगी। इस संबंध में समिति का निर्णय अंतिम रूप से स्वीकार करना होगा ।
6. निविदादाता को केंद्रीय व राज्य सरकार संस्था द्वारा काली सूची में ना होने के आशय का शपथ पत्र संलग्न करना आवश्यक है।
7. कार्य आदेश निर्गत होने के उपरांत मेला प्रारंभ होने के एक दिन पूर्व, स्थल पर सेवाएं/ सामग्री उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
8. संवेदक / फर्म को उक्त सेवा/ सामग्री स्वयं के व्यय पर आपूर्ति (FOR) के अनुसार करना होगा। आपूर्ति नियम विशिष्टियों व गुणवत्ता के अनुसार ना पाए जाने पर आपूर्तिकर्ता को स्वयं के खर्च पर अपना सामान वापस ले जाना होगा।
9. सभी निविदाएं दिनांक 01.11.2023 को अप0 05:00 बजे तक हीं रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट/कुरियर अथवा हाथों–हाथ सचिव, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, 5वाँ तल, D-ब्लॉक, सरदार पटेल भवन, नेहरु पथ (बेली रोड), पटना–800023 में स्वीकार की जायेंगी। नियत तिथि/समय के बाद प्राप्त निविदायें स्वीकार्य नहीं की जायेगी और न ही निविदा समिति द्वारा विलम्ब से प्राप्त निविदाओं पर विचार किया जायेगा। डाक प्रेषण में विलम्ब के लिए विभाग उत्तरदायी नहीं होगा। निविदा (तकनीकी एवं वित्तीय) द्विनिविदा प्रणाली के अधीन होगी।
10. तकनीकी निविदायें जिसमें व्यापारिक शर्तें और निबन्धनों के साथ समस्त तकनीकी विवरण हों।
11. वित्तीय निविदा में एक सेवा/ सामग्री हेतु एक ही दर अंकित किया जाय । एक ही सेवा/ सामग्री हेतु एक से अधिक दरें अंकित किये जाने पर उक्त सामग्री हेतु फर्म द्वारा दिये गये दरों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। वित्तीय निविदा में सामग्री की दरें अंकों एवं शब्दों में दी जाये ।
12. तकनीकी एवं वित्तीय निविदायें अलग–अलग लिफाफों में सीलकर (लिफाफे पर अंकित हो कि लिफाफा तकनीकी है अथवा वित्तीय) दोनों लिफाफों को एक बड़े लिफाफे में सीलकर प्रस्तुत करनी होगी। सीलबन्द लिफाफे के बाहर सोनपुर मेला, 2023, खानपान एवं मेस सेवाएं इत्यादि उपलब्ध कराने हेतु निविदा अंकित करना अनिवार्य होगा।
13. सर्वप्रथम तकनीकी निविदा खोली जायेगी तथा तकनीकी निविदा में सफल एजेंसियों का हीं वित्तीय निविदा को खोली जायेगी।
14. निविदा प्रपत्रों पर निविदादाता के हस्ताक्षर होना अनिवार्य है।
15. तकनीकी बिड खुलने का समय व दिनांक 03.11.2023 अप0 03:00 बजे है। प्राप्त निविदायें समिति द्वारा निविदादातों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोले जायेंगे। वित्तीय निविदा खुलने की तिथि की सूचना अलग से दी जायेगी।
16. सेवादाता द्वारा खाद्य लाईसेंस (Food Licence) होने से सबंधित प्रमाण पत्र निविदा के साथ संलग्न करना होगा।
17. सरकारी एवं गैर–सरकारी क्षेत्र में सेवा/सामग्री आपूर्ति के अनुभव का प्रमाण पत्र (कार्यालय पत्रांक सहित) होना वांछनीय है (प्रमाण पत्र प्रमाणित प्रति संलग्न करें)।
18. प्राधिकरण द्वारा उपरोक्त कार्यों के लिए किसी भी प्रकार का अग्रिम नहीं दिया जायेगा।
19. बिना कारण बताये निविदा को आंशिक या पूर्णरूपेण रद्द करने का अधिकार बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण में निहित होगा। कार्य संतोषजनक नहीं होने पर भुगतान से इसकी पूर्ण अथवा आंशिक कटौती की जायेगी।
20. निविदादाता का ₹50,00,000/-(पचास लाख)रूपये मात्र का वार्षिक टर्नओवर होना अनिवार्य है।
21. वित्तीय निविदा निर्धारित प्रपत्र में प्रति व्यक्ति के आधार पर ही देना होगा।
22. VVIP अल्पाहार अधियाचना के आधार पर उद्घाटन, VIP के आने एवं समापन समरोह में उपलब्ध कराना होगा।
23. VIP को चाय कप एवं प्लेट में देना होगा।
24. निविदा प्राधिकरण के वेबसाईट www.bsdma.org. पर भी देखी जा सकती है।

(मीनेन्द्र कुमार)
सचिव
बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, पटना।

|| बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, पटना ||

**कार्य का नाम : सोनपुर मेला, 2023, खानपान एवं मेस सेवाएं इत्यादि उपलब्ध कराने से सम्बंधित।**

विवरण : संलग्न सूची ।

सामग्री अच्छी गुणवत्ता के Super Quality विशिष्टियों के आधार पर ही निविदा स्वीकार्य होगी।

## तकनीकी निविदा प्रपत्र

| | | |
|---|---|---|
| 1 | फर्म का नाम व पूरा पता | |
| 2 | फर्म के अध्यक्ष/मालिक का नाम | |
| 3 | अध्यक्ष/मालिक के पिता का नाम | |
| 4 | दूरभाष व फैक्स नम्बर | |
| 5 | व्यापार कर विभाग के पंजीकरण संख्या (TIN)/GST No- एवं विगत वर्ष का GST रिटर्न की प्रति। | |
| 6 | श्रम लाईसेंस (Labour Licence) होने से सबंधित प्रमाण पत्र है (प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करें) | |
| 7 | फर्म का आयकर पैन (PAN) एवं वित्तीय वर्ष 2021–22 एव 2022–23 का आयकर रिटर्न की प्रति। | |
| 8 | सरकारी एवं गैर–सरकारी क्षेत्र में सामग्री आपूर्ति का अनुभव है या नहीं ? (यदि हॉ तो आपूर्ति प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति) | |
| 9 | टर्नओवर का प्रमाण पत्र (विगत वर्ष का Profit & Loss Account) | |
| 10 | केन्द्र व राज्य में काली सूची में न होने का प्रमाण पत्र (शपथ पत्र) संलग्न है या नहीं? | |
| 11 | धरोहर राशि (EMD) रू0 20,000.00 का विवरण | धनराशि रू0 20,000.00 का बैक ड्राफ्ट/ एफ0डी0आर/ एन०एस०सी० पत्र संख्या ......................दिनांक......................... संलग्न है । |

नोटः– सभी कॉलम भरा जाय।

हस्ताक्षर निविदादाता
पता तथा मुहर
मो0 नं0:

दिनांकः–:

## **Financial Bid**

| S.No | सेवा प्रदाता द्वारा उपलब्ध करायी जाने वाली सेवायें | अनुमानित संख्या | प्रतिदिन/ प्रति व्यक्ति सेवा/सामग्री की लागत मूल्य (रूपया में) | GST% | कुल धनराशि (रूपया में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **सुबह का नाश्ता/पानी** | 50 व्यक्तियों के लिए प्रतिदिन | | | |
| 2. | **दोपहर का भोजन/पानी** | 130 के लिए प्रतिदिन | | | |
| 3. | **रात का भोजन/पानी** | 50 व्यक्तियों के लिए प्रतिदिन | | | |
| 4. | **VVIP अल्पाहार/पानी** | आवश्यकतानुसार | | | |
| 5. | **चाय** | आवश्यकतानुसार | | | |
| 6. | पानी जार (20लीटर) डिस्पेंसर सहित | आवश्यकतानुसार | | | |

निविदाकर्ता का हस्ताक्षर
पता एवं मोहर

दिनांकः—